

# कॉम्बिग गश्त दौरान स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों पर कार्यवाही

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 13सितंबर,** जिला पुलिस अधीक्षक प्रकाश सिंह परिहार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकाम प्रसाद के निर्देशानुसार तथा एसडीओपी बृजेश भार्गव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमित दाणी के नेतृत्व में फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना पुलिस द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर संभावित स्थानों पर दबिश एवं सघन कॉम्बिंग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार स्थाई एवं वारंटियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

स्थाई वारंटी में रामेश्वर पिता रामबाबू धुर्वे उम्र 30 साल निवासी ग्राम अंबाला खुर्द थाना पांढुर्णा,. लक्ष्मण पिता धंसाराम सिरसाम उम्र 32 साल निवासी जवाहर वार्ड पांढुर्णा थाना पांढुर्णा,. विनोद पिता मोहन इरपाची उम्र 35 साल निवासी ग्राम नांदवाड़ी चौकी नांदवाड़ी,प्रवीण पिता गंगधार इरपची उम्र 32 साल निवासी रिंगनखापा चौकी नांदनवाडी

वही गिरफ्तारी वारंटी में गोपाल पिता जनीराम उईके उम्र 35 साल निवासी खेड़ी धान भूयार थाना पांढुर्णा, सुखदेव पिता संतोष कसर उम्र 33 साल निवासी ग्राम मांडवी थाना पांढुर्णा,निलेश पिता रमेश इवनाती उम्र 32 साल निवासी ग्राम पीपलपानी थाना पांढुर्णा,सूरज बारंगे पिता दशरथ बारंगे उम्र 22 साल निवासी ग्राम मरकावाड़ा चौकी नांदवाड़ी,सुभाष पिता बाबूलाल उइके उम्र 32 साल निवासी पौनार चौकी नांदवाड़ी, प्यारेलाल पिता बाबूलाल उड़के उम्र 40 साल निवासी पौनार चौकी नांदवाड़ी,राहुल पिता अशोक येरपुरे उम्र 30 वर्ष निवासी राधाकृष्णवार्ड पांढुर्णा थाना पांढुर्णा

,शीला बाई चोपड़े पति होमेश्वर चोपडे उम्र 40 वर्ष निवासी हिवरासेनाडवार थाना पांढुर्णा,रमेश पिता पंढरी रबड़े उम्र 52 वर्ष निवासी सिवनी थाना पांढुर्णा

, अंकित रबड़े पिता रमेश रबड़े उम्र 28 वर्ष निवासी सिवनी थाना पांढुर्णा

इन पर कार्यवाही करने में थाना प्रभारी प अमित कुमार दानी, एसएसपी अशोक तुरिया, एसएसपी प्रकाश सिंह रघुवंशी प्र.आर. 236 नितेश रघुवंशी, प्र.आर. 364 अशोक हरसुले, प्र.आर. 976 गजेंद्र सिंह रघुवंशी, प्र.आर. 165 राकेश चौरासे, आर.एस. 741 हैदर हुसैन, नि. 835 संतोष पंद्राम पुलिस चौकी नांदवाड़ी पुलिस स्टाफ- सी आशीष भीमटे, एसी नरेंद्र यादव, प्र. आर. 417 धीरज झाड़े, आर. निखिल ऊके, आर. 492 दिनेश धुर्वे, आर. 109 कमलेश धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




## 15 सितंबर को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**मुलताई।** नगर में श्री जलाराम गणेश उत्सव मंडल द्वारा गणेश उत्सव के दौरान प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन जिला रक्त बैंक के सहयोग से कराया जाता है। इस हर भी रक्तदान शिविर का आयोजन 15 सितंबर मंगलवार को किया जाएगा। श्री जलाराम गणेश उत्सव मंडल के प्रमुख नमन अग्रवाल ने बताया मंडल द्वारा लगातार 12 वर्षो से रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है,जिसमे प्रतिवर्ष 100 से अधिक यूनिट रक्तदान होता है। शिविर में अभी तक 1200 से अधिक रक्तदान हो चूका है, रक्तदान शिविर में खासतौर से महिलाओ एवं युवा वर्ग की मुख्य भूमिका होती है। इस बार 15 सितंबर मंगलवार को श्री जलाराम गणेश उत्सव मंडल परिसर में 11 बजे से 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।

# घुम्मकड़ समाज को मुख्यधारा से जोड़ने सौंसर पहुंची सर्वे टीम

### 'अहिल्यादेवी भवन स्थल का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 13 सितंबर.** मध्यप्रदेश शासन द्वारा घुम्मकड़ विमुक्त एवं अर्धघुम्मकड़ समाज को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों के तहत विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु विभाग की सर्वे टीम ने सौंसर विकासखंड का दौरा किया। यह दौरा 31 अगस्त को छिंदवाड़ा में आयोजित विमुक्त दिवस में प्राप्त सुझावों के आधार पर किया गया।

टीम के साथ अखिल भारतीय धनगर संगठन मप्र के कार्यकारिणी सदस्य निलकंठ गोहत्रे एवं धनगर समाज जिला अध्यक्ष रविन्द्र लव्हाले मौजूद रहे। उन्होंने टीम को धनगर समाज की वर्तमान स्थिति, समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी दी।



टीम ने सबसे पहले सौंसर नगर के वार्ड क्रमांक 13 में प्रस्तावित अहिल्यादेवी भवन स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पिपला नारायणवार स्थित अहिल्यादेवी भवन में धनगर समाज के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर विकास संबंधी विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने भवन विस्तार के लिए आर्थिक सहयोग की मांग को लेकर आवेदन दिया।

टीम ने धनगर समाज के पारंपरिक भेड़-बकरी पालन व्यवसाय का भी निरीक्षण कर उससे जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

समाज की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर लगाने और धनगर बाहुल्य गांवों में अहिल्यादेवी सामुदायिक भवन स्वीकृत करने की मांग रखी गई।

इस दौरान चंद्रभान लव्हाले, प्रवीण लामसे, नितिन तवले सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे। सर्वे टीम ने आश्वस्त किया कि घुमंतु बाहुल्य गांवों का विस्तृत दौरा कर वास्तविक स्थिति का अध्ययन किया जाएगा ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंच सके।

# औवर टेक करते चौपहिया वाहन सड़क किनारे खेत में जाकर पलटा ,दंपति घायल

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 13सितंबर,** बड़चिचोली बाईपास के पास रविवार दोपहर को औवर टेक करने के प्रयास में दो चौपहिया वाहनों में हुई भिड़ंत में एक वाहन सडक किनारे खेत में जाकर पलट गया जिसमें सवार दंपति को गंभीर चोट लगी है,जिन्हें जनसहयोग से नगर के शासकीय चिकित्सालय में लाया,वहीं दूसरा वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है।




प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नागपुर से पांढुरना की और आ रहें दो चौपहिया वाहन औवर टेक करने के प्रयास में इन वाहनों में हुई भिड़त में मारोती वाहन सडक किनारे खेत में जाकर पलट गई,जिससे इसमें सवार दिनेश राजपुत तथा इनकी धर्मपत्नी घायल हो गई यह नागपुर जिले के मोहपा के ग्राम तिरंगी के निवासी बताए जा रहें,घायल दंपति को जन सहयोग से नगर जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां इन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है,वहीं दूसरा चौपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है,

हांला कि इसमें सवार किसी को भी चोट नहीं लगी है,सूचना मिलते ही बड़चिचोली पुलिस के अधिकारी,कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच जांच कर कार्यवाहीं करने में जूट गए है।

## एक नजर में

### पूज्य संत तुकड़या दास महाराज ( झंडी वाले बाबा ) ब्रह्मलीन, अंतिम दर्शन यात्रा में भक्तों ने लिए दर्शन



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 13 सितंबर.** ग्राम पंधराखेड़ी आंबाखापा आश्रम के संचालक संत श्री तुकड़या दास महाराज उर्फ झंडी वाले महाराज (पंढरी गणपति आसरे महाराज) ब्रह्मलीन हुए। उनकी अंतिम दर्शन यात्रा ग्राम पंधराखेड़ी से निकलकर अम्बाखापा आश्रम पहुंची, जहां उन्हें समाधि दी गई। तुकडोजी महाराज के अधूरे स्वप्न को किया साकार महाराज जी ने संत तुकडोजी महाराज के अधूरे आश्रम निर्माण के स्वप्न को साकार करने का प्रयास किया। उनके द्वारा चंद्रपुर (महाराष्ट्र) में सारंडी, रत्नापुर आश्रम, पंधराखेड़ी में अम्बाखापा आश्रम और अमरावती में आश्रमों के निर्माण कार्य शुरू कराए गए थे। स्वर्णकार समाज सौंसर एवं समस्त ग्रामीणों के अलावा उनके भक्तों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रधांजलि दी।

### बात करें, सुनें, समझें... क्योंकि जीवन अनमोल है , विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 13 सितंबर .** ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा संचालित सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर पिपला नारायणवार, ढोकडोह और वैरागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम आत्महत्या के बारे में सोच और संवाद को बदलें रही। पिपला नारायणवार नगर परिषद में आयोजित कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. प्रसाद साहू, पार्षद राजेश चेडगे, कर्मचारी देवेंद्र धुर्वे, विजय वनकर, नीरज श्रीवास्तव सहित संस्था के परामर्शदाता श्रावण हटवार, लोकेश कोठे, दुर्गा ढोक, देखभालकर्ता समूह के सदस्य और नागरिक उपस्थित रहे।संस्था के परामर्शदाता श्रावण हटवार ने कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। तनाव, अवसाद या भावनात्मक संकट से जूझ रहे व्यक्ति की बात ध्यान से सुनना और उसे अकेला न छोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपनी परेशानी परिवार और भरोसेमंद लोगों से साझा करें, योग-प्राणायाम और स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं और जरूरत पड़ने पर चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्या को कमजोरी या शर्म का विषय नहीं समझना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को लेकर व्याप्त झिझक और भ्रांतियों को दूर करना, तनाव-चिंता-अवसाद के लक्षणों की पहचान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों को समय पर उपचार से जोड़ना रहा।

### नपा के पूर्व उपाध्यक्ष सुखमन बेंडे का निधन, कल होगा अंतिम संस्कार



**नवभारत न्यूज़,सौंसर .** बुनकर समाज के नेता, नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता सुखमन बेंडे का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कल 14 सितंबर को सुबह 10 बजे नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित मोक्षधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।सुखमन बेंडे लंबे समय से बुनकर समाज की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहे और सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।उनके निधन पर बुनकर समाज सहित नगर में शोक की लहर है।

## 24 घंटे में औसतन 32 .0 मिमी वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 32 .0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 12 सितंबर प्रातः 8 बजे से 13 सितंबर प्रातः 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 61 .8 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 28 .0 मिमी, चिचोली में 24 .0 मिमी, शाहपुर में 23 .0 मिमी, मुलताई में 37 .2 मिमी, प्रभात पट्टन में 35 .5 मिमी, आमला में 5 .0 मिमी, भैंसदेही में 17 .0 मिमी, आठनेर में 15 .2 मिमी तथा भीमपुर में 73 .0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 671 .2 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 857 .8 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083 .9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097 .4 मिमी रही थी।

# धूमधाम तथा भक्तिभाव से मनाया रामदेवबाबा का जन्मोउत्सव

**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 13सितंबर,** रामदेवबाबा के जन्मोउत्सव पर आज समाज के अनुयायियों द्वारा भव्य शोभायात्रा के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर बड़े ही उत्साह तथा भक्तिभाव के साथ मनाया,इस दौरान बडी संख्या में समाज के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री रामदेवबाबा मंदिर सेवा समिती द्वारा रविवार को रामदेवबाबा के जन्मोउत्सव पर नगर के हद्य स्थल गुजरी बाजार स्थित श्री राम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई,जिसमें रामदेवबाबा की झांकी सबके आकर्षण का केंद्र रहीं,यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर के वसई वार्ड के गुजराती मोहल्ले में स्थित रामदेवबाबा मंदिर में पहुंची,जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुए ।



तत् पश्चात रात्रि 8 बजे से नगर के सरगम लॉंन में संस्कार टिव्हीं के प्रसिध्द कलाकार दिनेश शर्मा द्वारा अपने प्रसिध्द भजन रामा कहू के रामदेव,हीरा कहू के लाल, जाने मिलिया रामदेव,वाने किया निहाल के सुमधुर गीत की प्रस्तुति देकर सब को मंत्रमुग्ध किया , तत पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम हुआ,इन सभी कार्यक्रमों में बडी संख्या में समाज के अनुयायी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए थे।

# 3 साल बाद भी रेलवे स्टेशनों पर निर्माण अधूरे

**बैतूल, 13 सितंबर.** अमृत भारत स्टेशन योजना में बैतूल जिले के चार रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया था। योजना अंतर्गत स्टेशन पर विकास कार्य होना है, लेकिन इन कामों की गति काफी धीमी है।

दरअसल जिले के रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए रेल मंत्रालय ने 93 करोड़ रुपए मंजूर किए। बैतूल स्टेशन पर 24.9 करोड़, आमला स्टेशन पर 31.7 करोड़, घोड़ाडोंगरी स्टेशन में 18.9 और मुलताई रेलवे स्टेशन पर 17.5 करोड़ से काम होना है। भूमिपूजन के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। तीन साल पूरे होने के बावजूद कई महत्वपूर्ण काम अब भी अधूरे हैं। रेलवे ने अब बैतूल, आमला और घोड़ाडोंगरी स्टेशनों पर दिसंबर 2026 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। बैतूल रेलवे स्टेशन पर चलित सीढि ?ीं, यानी एस्केलेटर का काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। नए फुटओवर ब्रिज और स्टेशन भवन का निर्माण भी अधूरा है। यात्रियों को उम्मीद थी कि अमृत भारत योजना के बाद स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं जल्द मिलेंगी, लेकिन काम की धीमी गति के कारण इंतजार बढ़ता जा रहा है।

### RTO की कार्रवाई पर उठाए सवाल

# रात 2 बजे किसानों की पुकार पर पहुंचे भाजपा नेता राहुल मोहोड़

**नवभारत न्यूज,**
**सौंसर।** सौंसर कृषि कार्य में लगे वाहनों पर ऋझह्र द्वारा कथित अवैध वसूली और अनावश्यक कार्रवाई की शिकायत पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड़ देर रात करीब 2 बजे किसानों के बीच पहुंचे और किसानों की समस्या सुनी। बताया गया कि किसानों ने कृषि कार्य में लगे वाहनों को रोके जाने और वसूली की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राहुल मोहोड़ मौके पर पहुंचे और RTO अधिकारियों से किसानों को परेशान करने और अवैध वसूली को लेकर सवाल-जवाब किया। आरोप है कि पूछताछ के दौरान RTO टीम के पास गाड़ी के कागजात और वर्क ऑर्डर नहीं मिले, जिसके बाद वे मौके से चले गए। मोहोड़ ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई कर किसानों को अनावश्यक परेशानी से राहत दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, महामंत्री दिनेश रायकवार, युवा मोर्चा महामंत्री प्रफुल देवतले, रोशन चौरे, रजनीश कोहले, कोल्हटकर सहित मोहखेड़ के किसान उपस्थित रहे।

# 'सेवा संकल्प अभियान' से जन-जन तक पहुंचेगा विकसित भारत का संकल्प : पद्मश्री मोहन नागर

**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना13सितंबर,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के 25 गौरवशाली वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री जी की दीर्घकालीन सेवा यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं से आए परिवर्तन और विकसित भारत-2047 के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस एक माह के अभियान के अंतर्गत जिलेभर में व्यापक सेवा, जनसंपर्क, जनभागीदारी एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी अभियान की विस्तृत रूपरेखा, कार्यक्रमों, संगठनात्मक तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी देने पांढुरना जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारो को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), पद्मश्री मोहन नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड द्वारा विस्तार से जानकारी दी । अभियान के पहले दिन 17 सितंबर को प्रदेशभर में रक्तदान शिविर, स्वच्छता व समाजसेवा के कार्यक्रम होंगे। शाम 7 बजे कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों के घर पहुंचकर 'आशीर्वाद का दीया' जलाएंगे। पांढुरना जिले में भाजपा कार्यालय, जामसांवली हनुमान मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर (मोहगांव), कालीनाथ मंदिर (लिंगा) सहित प्रमुख धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर विशेष दीप प्रज्वलन होगा।




सरकारी व निजी विद्यालयों में सेवा कार्यों पर चित्रकला, ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। नाट्य एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव-गांव, स्कूलों, पंचायतों व सामुदायिक केंद्रों तक प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और विकास कार्यों का संदेश पहुंचाया जाएगा।इसी प्रकार आंगन मिलन सेवा' (25 सितंबर - 7 अक्टूबर) आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों व माताओं की सहभागिता के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा दीदियों का सम्मान किया जाएगा तथा पोषण व स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर पूरे जिले में व्यापक स्वच्छता अभियान, श्रमदान, सामाजिक सरोकार के कार्य एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 25 सितंबर को पांढुरना पहुचेंगी 'सेवा यात्रा'

*पत्रकार वार्ता के दौरान उक्त नेताद्वय द्वारा बताया कि इस अभियान के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक आयोजित सेवा यात्रा जिसमें (250 बाइक पर 500 यात्री) मध्यप्रदेश से गुजरते हुए 25 सितंबर 2026 को जिला पांढुर्णा में प्रवेश करेगी। यह यात्री 26 सितंबर को जामसांवली हनुमान मंदिर में दर्शन एवं पूजन के पश्चात यह सेवा यात्रा महाराष्ट्र की ओर प्रस्थान करेगी। पद्मश्री मोहन नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा-संकल्प से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच सेवा, संस्कार और जनभागीदारी को मजबूत करते हुए इसे एक व्यापक जनआंदोलन बनाना हम सभी का दायित्व है।जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से प्रधानमंत्री जी की सेवा भावना और विकसित भारत के संकल्प को पांढुर्णा जिले के प्रत्येक बूथ व परिवार तक पहुंचाया जाएगा। सेवा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यपद्धति का मूल भाव है। प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले ने बताया कि प्रधानमंत्री जी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा देश के लिए गौरव का विषय है। कार्यकर्ता इसे केवल एक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, संवाद और जनभागीदारी के माध्यम से हर नागरिक तक पहुंचाएंगे।*

# गांधी चौक में धूमधाम से मना तान्हा पोला उत्सव

### नन्हे नंदियों की सजावट रही आकर्षण का केंद्र

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 13 सितंबर.** शहर के गांधी चौक में पारंपरिक तान्हा पोला उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्तिरस संगीत, गोंडी नृत्य और मनोरंजनात्मक खेलों ने समां बांधा। बड़ी संख्या में बच्चों ने आकर्षक साज-सज्जा से सजे नंदी के साथ पहुंचकर उत्सव की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ संजय हेडाऊ म्यूजिक टीम के भक्तिरस संगीत से हुआ। इसके बाद वरूड के कलाकारों ने पारंपरिक गोंडी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। बच्चों के लिए विभिन्न खेलों की व्यवस्था भी की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा नेता रामकृष्ण वाकोडे, मारोती लोणारे, शंकर खड़से, नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, पूर्व नगराध्यक्ष नीता बोडखे, लीना बोडखे, सभापति मृणाली दर्शन झाड़े, पूर्व पार्षद पवन सरोदे, पार्षद सुनील खंडाईत एवं मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े मंचासीन रहे।



इस अवसर पर संदीप मोहोड ने कहा कि तान्हा पोला हमारी कृषि परंपरा और पशुधन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं और समाज में भाईचारा बढ़ाते हैं।

**बच्चों को मिले पुरस्कार**

नंदी सजावट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अद्वैता भांगे, द्वितीय काव्या तांदुलकर, तृतीय जय कामथे, चतुर्थ टिंकू आढ़ऊं, पंचम रुद्रांश आमले, षष्ठम नीलांस श्रीखंडे, सप्तम सौमित्र कलंबे और अष्टम पुरस्कार हिमांशु घोड़मारे को दिया गया। आयोजक सुनील बोबड़े, संजय भांगे एवं सचिन फसाटे ने सभी अतिथियों, कलाकारों, बच्चों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।